- इस पोर्टल के माध्यम से किसानों को देशी नस्लों संबंधी नस्ल वार सूचना मिल सकेगी। किसान/प्रजनक इस पोर्टल के माध्यम से देशी नस्ल के पशुओं की खरीद और बिक्री कर सकेंगे। जर्मप्लाज्म के सभी रूपों की सूचना पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। किसान तत्काल इस पोर्टल का लाभ उठा सकते हैं।
- इस पोर्टल के माध्यम से पशुओं की खरीद और बिक्री में बिचौलियों की भागीदारी समाप्त हो जाएगी। सभी रूपों में जर्मप्लाज्म की खरीद तथा बिक्री संबंधी पोर्टल विकसित डेयरी देशों में भी उपलब्ध नहीं है।

ई–पशुधन हाट वेब पोर्टल

राष्ट्रीय पशुधन मिशन

- पशुधन बीमा का क्षेत्र और कवरेज बढ़कर 300 जिलों से सभी 716 जिलों में कर दिया गया है। साथ ही, पशुधन बीमा कवरेज का विस्तार करते हुए 2 दुधारू पशुओं से 5 दुधारू पशु/अन्य पशु अथवा 50 छोटे पशु किया गया है।



वर्ष 2013–14 तक पशुधन बीमा 300 जिलों में लागू थी जबकि 2016–17 में सभी 716 जिलों में लागू कर दिया गया है जो कि 135 प्रतिशत की वृद्धि है।

- अंडा उत्पादन की वार्षिक विकास दर 5 प्रतिशत है।
- प्रति व्यक्ति उपलब्धता बढ़कर 66 अंडे प्रति वर्ष हो गई है।

अंडा उत्पादन



वर्ष 2011–14 के दौरान अंडा उत्पादन 210.93 बिलियन था जो कि 2014–17 में बढ़कर 248.72 बिलियन हो गया। अंडा उत्पादन में 17.92 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

पशुधन स्वास्थ्य

- खुरपका और मुंहपका रोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन के आधार पर तीन क्षेत्रों को एफएमडी मुक्त क्षेत्रों के रूप में घोषित किया गया है।

खुरपका और मुंहपका रोग के प्रकोप में कमी



खुरपका और मुंहपका प्रकोप जो 2011–14 के दौरान 1957 से घटकर 2014–17 के दौरान केवल 505 रह गये है। इसके प्रकोप में 74.19 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी हुई है।

- गलघोटू रोग प्रकोप जो 2011–14 के दौरान 698 थे, 2014–17 के दौरान घटकर 300 रह गये हैं।

पशुचिकित्सा शिक्षा

पशुचिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या में वृद्धि



2011–14 की अवधि के दौरान पहली अनुसूची में कॉलेजों की संख्या 36 थी। 2014 से 2017 के दौरान पशुचिकित्सा कॉलेजों की कुल संख्या बढ़कर 46 हो गई है जो कि 27.7 प्रतिशत की वृद्धि है।

पशुचिकित्सा महाविद्यालयों में सीटों की वृद्धि

प्रशिक्षित पशुचिकित्सा श्रमशक्ति को पूरा करने के संबंध में, विभिन्न पशुचिकित्सा कॉलेजों में विद्यार्थियों की सीटें 60 से बढ़कर 100 हो गई थी। 17 पशुचिकित्सा कॉलेजों में सीटों की कुल संख्या 914 से बढ़कर 1334 हो गई है जो कि 45.95 प्रतिशत की वृद्धि है।

- प्रथम अनुसूची में कॉलेजों की संख्या में बढोत्तरी के कारण उत्तीर्ण होने वाले पशुचिकित्सा स्नातकों की कुल संख्या 2011–14 की अवधि के दौरान 2160 थी जो कि वर्ष 2014–17 में बढ़कर 3398 हो गयी है।
- वीसीआई ने मौजूदा पशुचिकित्सा शिक्षा विनियम, 2008 में संशोधन किया है और अब पशुचिकित्सा शिक्षा विनियम, 2016 को 8.07.2016 को अधिसूचित किया गया है। संशोधित एमएसवीई में प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:

क) **वर्तमान पशुचिकित्सा शिक्षा विनियम में बी.वी.एस.सी और एएच पाठयक्रम में वार्षिक प्रवेश 60 से बढ़ाकर 80 कर दी गई है।**

ख) बी.वी.एस.सी. पाठ्यक्रमों के समय को 5 से बढ़ाकर 5½ वर्ष करने के साथ इंटर्नशिप कार्यक्रम को 6 माह से बढ़ाकर एक वर्ष और पाठ्य कार्य को 4½ वर्ष किया गया।

ग) एससी और एसटी/ओबीसी तथा शारीरिक रूप से विकलांग के लिए आरक्षण नीति को प्रारंभ किया गया है जोकि पूर्व एमएसवीई में नहीं थी।

घ) बी.वी.एससी और एएच पाठ्यक्रमों के लिए क्रेडिट घंटों को 179 घंटे से घटाकर 81 घंटे किया गया और पाठ्यक्रम सेमेस्टर के बजाय वार्षिक आधार पर होगा।

ङ) अतिरिक्त पाठ्यक्रम/सिलेबस जैसे खतरा मूल्यांकन, महत्वपूर्ण नियंत्रण बिन्दु, जोखिम मूल्यांकन, पशु जनित खाद्य के संबंध में स्वच्छता और पादप स्वच्छता उपाय आदि को प्रारंभ किया गया है।

मात्स्यिकी–नीली क्रांति

मछली उत्पादन



2011–14 के दौरान मछली उत्पादन 272.88 लाख टन था जो कि 2014–17 में बढ़कर 327.74 लाख टन हो गया है। इसमें 20.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

गहन समुद्री मत्स्यन

- विभाग ने 9 मार्च 2017 को नीली क्रांति योजना के मौजूदा घटक समुद्री मात्स्यिकी, अवसरंचना और पोस्ट हार्वेस्ट परिचालन का विकास के तहत ''गहन समुद्री मत्स्यन हेतु सहायता'' नामक उप–घटक को प्रारंभ किया है। यह परम्परागत मछुआरों द्वारा गहन समुद्री मत्स्यन में उद्यम हेतु क्षमता निर्माण को प्रोत्साहित करेगा और तुलनात्मक रूप से उच्च आय सृजन के साथ उनकी आजीविका में सहयोग करेगा। उप–घटक का उद्देश्य परम्परागत मछुआरों हेतु भारतीय अनन्य आर्थिक क्षेत्र, क्षेत्रीय जल के पार हमारे मछुआरों को गहन समुद्र में मत्स्य संसाधनों के दोहन, परिचालन के लिए मध्यम आकार के आधुनिक गहन समुद्री मत्स्यन यानों (डीसमएफबी) को प्रारंभ करना है।

मछुआरा कल्याण

मछुआरों के हितों के मद्देनजर बचत–सह–राहत राशि में वृद्धि

नीली क्रांतिः मात्स्यिकी का एकीकृत विकास और प्रबंधन के तहत 3 माह की मत्स्यन निषेध अवधि के दौरान बचत–सह–राहत की राशि में 150 प्रतिशत की वृद्धि करके मछुआरों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

- मछुआरा समुदाय हेतु वार्षिक बीमा प्रीमियम को रु. 29.00 से कम करके रु. 20.34 किया गया है।
- आकस्मिक मृत्यु और स्थाई अपंगता हेतु बीमा कवर 1.00 लाख रु. से बढ़ाकर 2.00 लाख रु. कर दिया गया है।

मात्स्यिकी अवसंरचना विकास



मात्स्यिकी अवसंरचना विकास हेतु जारी किए गए केन्द्रीय राशि में 27.09 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

व्यापार – हमारी प्राथमिकता

- सभी 6 पशु संगरोध एवं प्रमाणीकरण सेवा केन्द्रों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, और बंगलुरू द्वारा पशुधन और पशुधन उत्पादों के ऑन–लाईन निकासी हेतु एकल खिड़की प्रणाली का कार्यान्वयन।
- पशुधन उत्पादों के आयात हेतु ऑन–लाईन प्राप्ति और एसआईपी आवेदनों के प्रसंस्करण हेतु स्वच्छता आयात परमिट (एसआईपी) वेबसाईट 01.10.2016 से पूर्णतया कार्यान्वित।
- 10 नये अतिरिक्त प्रवेश बिन्दुओं को पशुधन और पशुधन उत्पादों के आयात/निर्यात हेतु का.आ. 948(ई) 22 मार्च, 2017 की अधिसूचना द्वारा अधिसूचित किया गया है।
- बांग्लादेश से पशुधन और पशुधन उत्पादों के निर्यात/आयात को सुगम बनाने के लिए एक्यूसीएस कार्यालय, पेट्रापोल आईसीपी, पश्चिम बंगाल का उद्घाटन किया जा चुका है।

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग

कृषि शिक्षा

कृषि शिक्षा का बढ़ता हुआ बजट

पांचवीं संकाय अध्यक्ष समिति द्वारा संशोधित पाठ्यक्रम

प्रारंभ किए गए नए कार्यक्रम

- बी. टैक (जैव प्रौद्योगिकी)
- बी.एससी. समुदाय विज्ञान
- बी.एससी.खाद्य पोषण तथा डाइटिटिक्स
- बी.एससी. रेशम पालन

कृषि विज्ञान में डिग्री को प्रोफेशनल घोषित किया गया

स्नातक स्तर में पाठ्यक्रमों का व्यापक वितरण

- I वर्ष में पारंपरिक पाठ्यक्रम
- II वर्ष में प्रौद्योगिकी आधारित पाठ्यक्रम
- III वर्ष में प्रतिभा आधारित पाठ्यक्रम
- IV वर्ष में ट्रेड आधारित पाठ्यक्रम

अनिवार्य सामान्य पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए

पांचवी संकाय अध्यक्ष समिति की रिपोर्ट का अनुमोदन 29 जून, 2016

कृषि विश्वविद्यालयों में खोली गई नई अनुभवजन्य शिक्षण यूनिटें



खोली गई नई अनुभवजन्य शिक्षण इकाईयाँ

ये इकाईयां किसानों को प्रशिक्षण के साथ–साथ लाभ कमाने का वास्तविक अनुभव प्रदान कराती हैं।

स्नातक स्तर के लिए राष्ट्रीय प्रतिभा छात्रवृत्ति में दो गुना वृद्धि

- **राशि को रू. 1000/ प्रतिमाह से बढ़ाकर रू. 2000 प्रतिमाह किया गया**
- **लाभार्थियों की संख्या :1351**

नए विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता

एएनजीआरएयू, आंध्रप्रदेश एवं एसकेएलटीएसएचयू, तेलंगाना प्रत्येक को रु. 122.5 करोड़ जारी किए गए।

पूर्वी एवं पूर्वोत्तर राज्यों में हरित क्रांति लाने के उद्देश्य से किये गये प्रयास

- राजेंद्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय का उन्नयन कर डॉ0 राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय बनाया गया।
- देश के अग्रणी कृषि अनुसंधान संस्थान IARI, पूसा की तर्ज पर दो नए संस्थान IARI, झारखंड एवं IARI, असम बनाए जाने हैं, जिसमें IARI झारखंड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। IARI, असम का कैबिनेट की मंजूरी के उपरांत माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 26 मई 2017 को शिलान्यास किया जाएगा।

स्टूडेंट रेडी

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 25 जुलाई, 2015 को आरंभ की गई स्टूडेंट रेडी के दौरान 6 मास की अवधि हेतु सभी विद्यार्थियों के लिए प्रतिमास रु. 3,000 की दर से 2016–17 से अध्येतावृत्ति आरंभ की गई, जो पहले रु. 1000 प्रतिमास थी।

स्टूडेंट रेडी के घटक

1 अनुभवजन्य शिक्षण (ईएल)

2 ग्रामीण कृषिकार्य का अनुभव (आरएडब्ल्यूई)

3 संयन्त्र–सील प्रशिक्षण/औद्योगिक उपकरण/प्रशिक्षुता

4 कौशल विकास प्रशिक्षण

5 विद्यार्थी परियोजना

नेताजी सुभाष–आईसीएआर अंतर्राष्ट्रीय छात्रवृत्ति

- विश्व के चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रयोगशालाओं में प्रशिक्षित सक्षम मानव संसाधन का विकास करना। – 79 छात्र
- आईसीएआर–कृषि विश्वविद्यालय तंत्र में विदेशी अभ्यार्थियों को भारत के सर्वश्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालयों के सुगम्य बनाना जिससे वर्धित भविष्य सहयोग हेतु वैज्ञानिक–दूत का एक पूल तैयार हो। –23 छात्र

वार्षिक 30 अध्येतावृत्ति

- यूएस डॉलर 2000 प्रतिमाह (भारतीय अभ्यर्थियों के लिए) और
- रु. 40000/– प्रतिमाह (विदेशी अभ्यर्थियों के लिए
- नए (फ्रेश) और सेवारत (आईसीएआर–राज्य कृषि विश्वविद्यालय)



पं. दीनदयाल उपाध्याय उन्नत कृषि शिक्षा योजना

- 32 राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में जैविक कृषि/प्राकृतिक कृषि और गाय आधारित अर्थ–व्यवस्था पर 130 प्रशिक्षण कार्यक्रम
- रु. 5.35 करोड़ के बजट के साथ 100 केन्द्रों का निर्धारण
- 5 क्षेत्रीय कार्यशाला–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन (लखनऊ, कोलापुर, अविकानगर, अमृतसर और झांसी)

राष्ट्रीय कृषि शिक्षा दिवस

देश के प्रथम राष्ट्रपति एवं प्रथम खाद्य एवं कृषि मंत्री डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को राष्ट्रीय कृषि शिक्षा दिवस घोषित किया गया।

राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना

- यूएस डॉलर 165.0 मिलियन (रू. 1000 करोड़) के व्यय के साथ प्रस्तावित
- विश्व बैंक और भारत सरकार द्वारा 50:50 लागत हिस्सेदारी–आधार पर पोषित
- योजना की अवधिः छः वर्ष (2016–17 से 2021–22 तक)
- संबंधित विभागों में ईएफसी परिचालित किया गया

चार नए आईसीएआर पुरस्कार

पुरस्कार का नाम (संख्या)	शुरूआत का वर्ष	पुरस्कार का मूल्य
1) आईसीएआर प्रशासनिक पुरस्कार (तकनीकी, प्रशासनिक एवं सहायक श्रेणियों में प्रत्येक के लिए 3 पुरस्कार)	2014	प्रत्येक को रु. 51000/–
2) हलधर जैविक किसान पुरस्कार (1)	2015	रु. 1,00,000/–
3) पंडित दीनदयाल अंत्योदय कृषि पुरस्कार (1 राष्ट्रीय एवं 11 क्षेत्रीय पुरस्कार)	2016	राष्ट्रीय : रु. 1,00,000/– क्षेत्रीय रु. 51000/– प्रत्येक
4) पंडित दीनदयाल राष्ट्रीय कृषि विज्ञान प्रोत्साहन पुरस्कार (1 राष्ट्रीय तथा 11 क्षेत्रीय पुरस्कार)	2016	राष्ट्रीय : रु. 25,00,000/– क्षेत्रीय रु. 2,25,000/– प्रत्येक

कृषि विस्तार

कृषि विज्ञान केन्द्रों में वृद्धि

वर्ष – नये केवीके स्थापित

2014-17 - 32
2012-14 - 07



कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा दलहन का प्रदर्शन



कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा तिलहन का प्रदर्शन

फार्मर फर्स्ट– ज्ञान में वृद्धि करना : प्रौद्योगिकी का एकीकरण



मेरा गाँव मेरा गौरव

- पहचान किए गए 5 गांवों के साथ कार्य कर रहा 4 कृषि वैज्ञानिकों (बहु–विधा) का दल
- किसानों को ज्ञान, कौशल और सूचना में सहायता
- चेतावनियां और परामर्श समय पर जारी करना
- आदानों, सेवा प्रदाताओं आदि के संबंध में सूचना प्रदान करना
- गांवों का विकास करने के लिए विभिन्न विभागों और संगठनों के साथ सामंजस्य स्थापित करना
- 25000 गांव कवर किए जाएंगे

युवाओं को कृषि की तरफ आकर्षित कर उनकी अभिरुचि बनाए रखना (आर्या)

- ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को विभिन्न कृषि और सम्बद्ध और सेवा क्षेत्रों के उद्यमों की ओर आकर्षित करना और उन्हें सशक्त बनाना
- प्रसंस्करण मूल्यसंवर्धन, मार्केटिंग और नेटवर्किंग पर बल
- उद्यमिता विकास और मूल्य श्रृंखला प्रबंधन
- 25 राज्यों में 25 कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से प्रति जिला 200–300 युवा शामिल हैं

कृषि उन्नति मेला–2016 एवं कृषि उन्नति मेला–2017

कृषि उन्नति मेला का आयोजन वर्ष 2016 एवं 2017 में दो बार किया गया। इन मेलों में भारत की सभी कृषि औद्योगिक कंपनियों ने अपनी सहभागिता दिखाई तथा लगभग 5 लाख किसानों ने मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

उद्देश्य

किसानों को नई किस्मों और नई तकनीक के बारे में जानकारी प्रदान करना

प्रमुख आयोजन

- फसलों की उत्पादन प्रौद्योगिकियों का सीधा प्रदर्शन
- भा.कृ.अनु.सं. के प्रायोगिक खेतों का किसानों का दौरा
- सब्जियों एवं फूलों की संरक्षित खेती के लिए प्रौद्योगिकियां
- भा.कृ.अनु.सं. एवं निजी कम्पनियों द्वारा कृषि उपकरण एवं मशीनरी का प्रदर्शन एवं बिक्री
- उन्नत पशुओं एवं पशुपालन का सीधा प्रदर्शन
- भा.कृ.अनु.सं. एवं अन्य सार्वजनिक और निजी संगठनों द्वारा फसलों के अधिक उपज देने वाले बीजों, सैप्लिंग्स और सिडलिंग्स की बिक्री
- मृदा एवं जल का निःशुल्क परीक्षण
- जैव उर्वरकों और कृषि–रसायनों की बिक्री और प्रदर्शन
- जल बचत के लिए सिंचाई प्रौद्योगिकी
- नवोन्मेषी किसान उत्पादों की बिक्री एवं प्रदर्शन
- किसान गोष्ठी
- कृषि महिला सशक्तिकरण कार्यशाला

कृषि अनुसंधान

पिछले 5 वर्षों के दौरान जारी की गई फसल किस्में



फसल समूह	अप्रैल 2011 से मार्च 2014	अप्रैल 2014 से मार्च 2017
अनाज	184	329
दलहन	43	84
तिलहन	47	92
अन्य	39	91
कुल	313	596

अजैव दबावों के प्रति सहिष्णु/ प्रतिरोधक जारी की गई जलवायु - अनुकूल किस्मों की संख्या

फसल	जनवरी 2012 से मई 2014	जून 2014 से दिसम्बर 2016
अनाज	69	144
तिलहन	38	83
दलहन	33	80
अन्य	21	42
कुल	161	349



प्रजनक बीज उत्पादन





राज्यों के लिए प्रजनक बीजों के उत्पादन में वृद्धि

कृषि आय को दुगुना करने के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली मॉडल

घरेलू आकार: 1.20 है. 7 परिवार सदस्य

कृषि फसलें	0.84 ha
बागवानी फसलें	0.22 ha
डेयरी	2 Buffalo + 1 Cow
मात्स्यिकी	0.10 ha
वर्मी- कम्पोस्ट खम्ब	0.01 ha
चार दीवारी - रोपण	12 nos. 4 tier racks
	(200m running length)



- देश के विभिन्न कृषि पारिस्थितिकीय क्षेत्रों के लिए 45 आईएएफ मॉडल विकसित किए गए
- लाभप्रदता, जीविका सृजन और जोखिम न्यूनीकरण से संबद्ध आईएफएस
- प्रतिकूल मौसम घटना वर्षों के दौरान भी आईएफएस ने अधिक स्थायी आय उपलब्ध कराई
- बहु उद्यम आईएफएस के संवर्धन हेतु एकीकृत योजनाओं की आवश्यकता है
- शुद्ध लाभ (3 वर्षों की आय)रू 2014–15 के दौरान रू. 2.5 लाख
- पुनर्उपयोग: श्रम को छोड़ कर कुल निविष्टियों का 34%
- अतिरिक्त रोजगार का मूल्य: रू. 88,000

जिला आकस्मिक योजना

623 जिला आकस्मिक योजनाएं विकसित की गईं: बागवानी, पशु–धन, कुक्कुट–पालन, मात्स्यिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न मौसम विपदा हेतु प्रौद्योगिकी उपाय



विकसित कृषि मशीनरी के नए प्रोटोटाइप, कृषि प्रसंस्करण केन्द्र एवं आहार परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित



विकसित टीके

- **जोहनेज रोग**
- **पेस्टे देस पेटिटस रोमंथियां (पीपीआर)**
- **गोट पोक्स**
- **इक्विहरपाबोर्ट**
- **क्लासीकल स्वाइन फीवर**



विकसित निदान किटें

वर्ष 2011–14 में 29 निदान किटें विकसित की गई थी जो वर्ष 2014–17 के दौरान 10.3% बढ़कर 32 हो गई हैं।

इलिसा किट – थेलेरिया इक्वि

इलिसा किट – जापानी एनसेफालिटीज

लेटरल फ्लो एस्से – ब्रूसेलिओसिस

लेटरल फ्लो एस्से – ट्राईपानोसोमइवन्सी

पेपर स्ट्रिप एस्से – दूध में नाशीजीवनाशी अवशेष

डीबीटी– ब्रूसेलिओसिस के निदान हेतु इलिसा किटों के विकास हेतु निवेदी को बायोटेक उत्पादन अवार्ड

खुले–समुद्र में पिंजरा जलजीव पालन



- कोबिया (*रैकीसेन्ट्रोन कनाडम*) एवं सिल्वर पोम्पानो (*ट्रैकीनोटस ब्लोशी*) का समुद्री पिंजरा संवर्धन – प्रौद्योगिकी प्रदर्शन
- छह महीने में 3.0 टन के औसत उत्पादन स्तरों का प्रदर्शन किया गया (6 मी व्यास x 6 मी गहराई) : 25–30 कि ग्रा / मी^{3}
- कोबिया और पोम्पानों के लिए उत्पादन लागत 180 रू0/कि.ग्रा. है। फार्म गेट मूल्य – 350 रू0/कि.ग्रा. (कोबिया) और 300 रू0/कि.ग्रा. (सिल्वर पोम्पनो)
- भा.कृ.अ.प.-सीएमएफआरआई की तकनीकी सहायता से भारत के पूरे तट के साथ 1058 केज स्थापित किए गए



कृषि प्रौद्योगिकी विकास

विगत 3 वर्षों के दौरान भाकृअप द्वारा विकसित उल्लेखनीय नवीन फसल किस्में एवं प्रौद्योगिकियां

चिह्नकों की सहायता से चयन का उपयोग कर धान की अधिक उपज देने वाली तथा सूखा (1), ब्लास्ट रोग (3) एवं जीवाणु पर्ण झुलसा रोग (5) के लिए प्रतिरोधी किस्में विकसित की गई

उच्च प्रोटीन अंश (10.3%) युक्त धान की किस्म (सीआर धान 310) विकसित की गई

उच्च जिंक अंश (22पीपीएम) युक्त धान की किस्म (डीआरआर धान 45) विकसित की गई

दोहरे उपयोग वाले गेहूं (दाना एवं चारा) की किस्म (वीएल गेहूं 829) विकसित की गई

न्यून इरूसिक अम्ल (<2%) युक्त सरसों की किस्म पूसा सरसों 30 विकसित की गई

भाकृअप द्वारा तीन बीटी कपास कृषिजोपजातियों; पएयू–1, आरएस–2013 एवं एफ–1861 की पहचान कर उन्हें वाणिज्यिक रूप से जारी करने का अनुमोदन किया गया है।

केन्द्रीय कपास अनुसन्धान संस्थान नागपुर ने बीटी–6 कपास की एक प्रजाति सीआईसीआर–आरएस 2013 बीटी सेल विकसित की है जिससे 3046 किलो प्रति हेक्टेयर की उपज प्राप्त हुई है जो सर्वाधिक है।

एग्रो–वोल्टैक सिस्टम/सौर कृषि (सोलर फार्मिंग)

एग्री-वोल्टैक सिस्टम

जमीन के एक टुकडे से एक ही साथ पीवी मॉड्युल के जरिये फसल उगाना तथा बिजली पैदा करना

मॉडल क्षेत्र: 1 हेक्टेयर

- सौर पीवी सृजन क्षमता: 0.5 मेगावाट
- प्रति दिन बिजली सृजन: 2500 किलोवाट प्रति घंटे
- निवेश:2.5 करोड़ रूपये
- बिजली से आय सृजन: लगभग 45 लाख रूपये वार्षिक
- प्रणाली की आयु: 25 वर्ष
- 7 वर्षों में कुल लागत रिकवरी
- मूंग उपज:4 क्वि./हेक्टेयर

सौर कृषि प्रणाली में स्व-स्थाने मृदा आर्द्रता संरक्षण के लिए रिज फरो बीज ड्रिल



सौर कृषि प्रणाली में कृषि रसायनों के छिड़काव के लिए सोलर पीवी स्प्रेयर का विकास

शूकर एवं कुक्कुट की विकसित की गई नई उन्नत नस्लें

- रानी, आशा, एचडी-के 75 एवं जारसुक नामक शूकर की नई संकर नस्लें विकसित की गईं

- कुक्कुट पक्षियों की तीन नई नस्लों (कामरूप, नर्मदानिधि एवं झारसिम) का विकास किया गया

नई पीढ़ी के मत्स्य जलयानों (फिशिंग वैसल) का विकास

ट्रावलिंग, गिलनेटिंग एवं लांगलाइनिंग के लिए बहु-उद्देशीय मत्स्य जलयान

- नई पीढ़ी के ईंधन-किफायती एवं बहु-उद्देशीय मत्स्य जलयान का विकास किया गया और इसे चालू किया गया

नवीन आईसीटी (सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी) ऐप्स एवं पोर्टल

वेब पोर्टल–कृषि विज्ञान केंद्र ज्ञान नेटवर्क
पूसा कृषि– प्रौद्योगिकी मोबाइल ऐप
मोबाइल ऐप ''राइसएक्सपर्ट''
ई– कपास नेटवर्क और प्रौद्योगिकी दस्तावेजीकरण
नाशीजीव और रोगों के लिए दलहन विशेषज्ञ
ई–नशीजीव निगरानी और बागवानी फसलों के लिए परामर्शदाता व्यवस्था
ऑनलाइन नाशीजीव मॉनीटरिंग और सलाहकारी सेवा
नाशीजीव पूर्व चेतावनी ऐप्लिकेशन
कृषि– डिजिटल डाटा पोर्टल

जय किसान
जय विज्ञान

तीन वर्ष का रोडमैप (2017–2019)

सरकार वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने के लिए प्रधानमंत्री के विजन को पूरा करने के लिए कार्य कर रही है। इस कार्य के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय 2017–18 से 2019–20 की अगली तीन वर्ष की अवधि में निम्नलिखित की शुरूआत करेगा तथा उसे कार्यान्वित करेगाः

1. कृषि आदानः

- 1.1 बीजः बीजग्राम कार्यक्रम का विस्तार 30,000 गांव से 60,000 गांव तक तक किया जाएगा तथा 500 बीज उत्पादन और प्रसंस्करण यूनिट पंचायत स्तर पर स्थापित की जाएंगी।
- दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए 150 बीज हब के जरिए 1.5 लाख क्विंटल संकर बीज का उत्पादन किया जाएगा।
- बीजों के प्रभावी विनियमन और अनिवार्य पंजीकरण हेतु बीज विधेयक पारित किया जाएगा।
- 1.2 मृदा स्वास्थ्य प्रबंधनः मृदा स्वास्थ्य कार्डों के वितरण का वर्तमान चक्र पूरा किया जाएगा तथा अगला चक्र मई, 2017 से शुरू किया जाएगा तथा मई, 2019 में पूरा किया जाएगा। तीसरा चक्र उसके बाद शुरु होगा।
- स्थानीय उद्यमियों द्वारा 1000 मिनी प्रयोगशालाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। स्टार्ट–अप के जरिए शीघ्र मृदा परीक्षण वाले साधनों का विकास किया जाएगा।
- किसी भी समय/किसी भी स्थल/किसी भी फसल की उर्वरक सिफारिशों को सृजित करने के लिए सॉफ्टवेयर का विकास किया जाएगा।
- 70 अतिरिक्त जिलों में कस्टमाइज/सूक्ष्म पोषक तत्वों से लेपित उर्वरकों को बढ़ावा दिया जाएगा।
- समस्याग्रस्त मृदाओं के लिए (क्षारीय, लवणीय और अम्लीय) के लिए 80,000 हैक्टेयर भूमि का सुधार किया जाएगा।

1–3 जलः नाबार्ड में 5000 करोड़ की समर्पित निधि का कार्यान्वयन किया जाएगा तथा सूक्ष्म सिंचाई द्वारा 4.8 मिलियन क्षेत्र कवर किया जाएगा।

2 उत्पादकता सुधार और विविधीकरणः

- फसलः वर्ष 2020 तक 3 मिलियन हैक्टेयर

- क्षेत्र कवर करने के लिए दलहन और तिलहन हेतु चावल की परती क्षेत्रों के उपयोग के जरिए प्रत्येक वर्ष 1 मिलियन हैक्टेयर क्षेत्र में फसल गहनता को बढ़ाया जाएगा।
- बार–बार सूखा पड़ने वाले जिलों (100 संख्या) में एनआईसीआरए के अपस्केलिंग द्वारा जलवायु सह–फसलों को बढ़ावा दिया जाएगा।
- आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, कर्नाटक, मिजोरम, नागालैंड, तमिलनाडु और त्रिपुरा में खेती के क्षेत्र को 3 लाख है. से 3.75 लाख है. करके परती भूमि में ऑयल पॉम की खेती को बढ़ावा दिया जाएगा और इस कार्यक्रम से कच्चे पाम ऑयल उत्पादन को 2 लाख से बढ़ाकर 3 लाख टन किया जाएगा।
- वर्ष 2019–20 तक दलहन उत्पादन को 24 मिलियन मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा।

(ख) बागवानीः वर्ष 2019–20 तक पुष्पा , मसालों और सुगंधित पौधों सहित बागानी अर्थात फलों, सब्जियों, बागानों और अन्य फसलों के तहत 4.5 लाख हैक्ट्येर क्षेत्र लाना तथा 2019–20 तक 1.2 लाख हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में अधिक मूल्य वाली फसलों के लिए संरक्षित खेती को बढ़ाना।

- फसल पश्चात् अवसरंचना को सुदृढ़ बनाने के लिए 5 लाख मी. टन शीतागार, 1000 पैक हाउस तथा 150 राइपनिंग चैबर्स की स्थापना की जाएगी।
- काजू खेती के तहत वर्तमान क्षेत्र को 10.3 लाख हैक्टेयर से बढ़ाकर 11.5 लाख हैक्टेयर किया जाएगा तथा 3 वर्षों की अवधि में इसके उत्पादन को वर्तमान क्षेत्र 6.7 लाख टन से बढ़ाकर 9 लाख टन किया जाएगा।
- नारियल, ऑयलपाम और सुपाड़ी में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक राज्यों में अंतः फसल के रूप में कोको उत्पादन के तहत क्षेत्र को वर्तमान 78,000 हैक्टेयर से बढ़ाकर दो वर्षों में 100,000 हैक्टेयर किया जाएगा।
- दिसंबर, 2018 तक केसर पार्क, राष्ट्रीय केसर मिशन के तहत पूरा किया जाएगा।
- क्रॉस परागित फसलों में परागण सहायता के लिए बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और मणिपुर राज्यों में समेकित मधुमक्खी विकास केंद्रों की स्थापना की जाएगी।
- दूध सहकारी समितियों के जरिए शहद के संग्रह और विपणन के लिए दिल्ली में शहद का सफल ब्रांड शुरू किया गया है। इस पहल था दो और राज्यों (गुजरात और राजस्थान) में दूध संघों के जरिए एनबीबी द्वारा और आगे विस्तार किया जाएगा।

2.3 प्राकृतिक संसाधन प्रबंधनः कृषि वानिकी मिशन (हर मेड़ पर पेड़) के तहत 2019–20 तक कृषि वानिकी (हर मेड़ पर पेड़) के तहत 3 लाख हैक्टेयर क्षेत्र लगाया जाएगा।

2.4 वर्षा सिंचित क्षेत्र विकासः अन्य 4 अधिदेशों के अलावा शुष्क भूमि खेती हेतु ज्ञान के भण्डार के रूप में कार्य करने के लिए राष्ट्रीय वर्षा सिंचित क्षेत्र प्राधिकरण (एनआरडीए) का पुनरुद्धार किया जाएगा। अक्तूबर, 2017 तक 15 सर्वाधिक संवेदनशील सूखा संभावित जिलों के लिए कार्य योजनाओं को तैयार किया जाएगा तथा उपर्युक्त कार्यकलाप शुरु किए जाएंगे।

2.4 जैविक कृषिः किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के जरिए 2.5 लाख हैक्टेरयर में जैव कृषि को बढ़ावा दिया जाएगा।

- परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत सरकार कलस्टर आकार को 20 हैक्टेयर से बढ़ाकर 1000 हैक्टेवयर किया जाएगा (पूर्वोत्तर राज्यों हेतु मिशन जैव मूल्यू श्रृंखला विकास के तहत 500 हैक्टेयर से 1000 हैक्टेयर) ताकि कुशलतापूर्वक विपणन किया जा सके तथा जैव कृषि की क्षमता का इस्तेवमाल किया जा सके।

3. विपणन, भंडारण एवं अन्य उत्पादन पश्चात् अवसंरचनाः मॉडल कृषि उत्पाद और पशुधन विपणन (संवर्धन और सरलीकरण) अधिनियम, 2017 को राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में लागू करने के लिए प्रयास।

- अक्तूबर, 2017 तक मॉडल संविधा कृषि अधिनियम, 2017 जारी करना।
- अक्तूबर, 2017 तक 'वेयर हाउस भंडारण और वेयर हाउस रशीद आधारित रेहन ऋणप्रणाली' पर दिशा–निर्देश तैयार करना।
- मार्च, 2018 तक ई–नाम प्लेटफार्म पर 585 कृषि मंडियों को लाना ऑनलाइन ट्रेडिंग तथा इंटर–मार्केट कारोबार को समेकित करना।
- देश में शुष्क और शीतागार अवसंरचना का मानचित्र तैयार करना तथा गूगल पर उत्पादकों और अन्य साझेदारों को सूचना प्रदान करना।
- ग्रामीण भंडारण योजना के तहत वित्तीय सहायता को मांग आपूर्ति से उत्पन्न जिला भंडारण क्षमता से जोड़ना।
- 4. ऋण और फसल बीमाः
- कृषि ऋणः
  - वर्ष 2018–19 तक अल्पावधिक ऋण के तहत छोटे और सीमांत किसानों के कवरेज को वर्तमान में 43 प्रतिशत से 5 प्रतिशत तक बढ़ाना।
  - देश के पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों में

क्रेडिट एब्जोर्पशन पर विशेष ध्यान।

- प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पीएसीएस) का कम्प्यूटरीकरण।
  - वर्ष 2019–20 तक देश में सभी 63,000 पीएसीएस का कम्प्यूटरीकरण पूरा करना।
- फसल बीमाः
  - पीएमएफबीवाई और डब्ल्यूबीसीआईस के तहत सकल फसली क्षेत्र (जीसीए) के कवरेज को वर्तमान के 30 प्रतिशत (2016–17) से बढ़ाकर 2017–18 और 2018–19 तक क्रमशः 40 प्रतिशत और 50 प्रतिशत किया जाएगा।

5. पशुपालन, डेयरी और मात्स्यिकी

5.1 डेयरीः

- 1.1 लाख गायों के उत्पादन के लिए 50 एम्ब्रयो ट्रांसफर प्रयोगशाला की स्थापना करके स्वदेशी नस्लोंनन डिस्क्रिप्ट गायों को उन्नत बनाना।
- गोकुल मिशन के तहत वर्ष 2019–20 तकृ कृत्रिम निषेचन को तिगुना करके 80प्रतिशत तक कवरेज किया जाएगा। (एआई कवरेज)।
- खुर और मुंहपका रोग (एफएमडी) और ब्रुसेलोसिस हेतु 100 प्रतिशत टीकाकरण, पशु संजीवनी एप्प और हेल्थ कार्ड के जरिए टीका लगे हुए पशुओं की मॉनिटरिंग करना।
- दूध खरीद अवसंरचना को सुदृढ़ बनाना।
- मार्च, 2018 तक थोक दूध संकलन को 16,000 गांव से बढ़ाकर 50,000 गांव करना।
- डेयरी अवसंरचना विकास कोष (डीआईडीएफ) के तहत पुरानी (10 से 30 वर्ष) सहकारी डेयरियों को आधुनिक बनाना।
- मार्च, 2019 तक 5 राज्यों को रोग मुक्त घोषित करने के लिए कार्य करना रूस, मध्य पूर्व और एशिया में निर्यात मंडियों का पता लगाना।
- दूध सहकारी समितियों और ग्राम पंचायतों के जरिए प्रतिवर्ष 10,000 हेक्टेयर की दर से चारा विकास को बढ़ावा देना।

5.2 मत्स्यपालन

- 20 राज्यों में 774 हैचरियां स्थापित करके उत्पादकता में वृद्धि करने के साथ–साथ इनमें प्रतिवर्ष 1140 करोड़ फिंगर लिंगो की शुरूआत करना और 8 राज्यों 100 हैचरियों में ऑर्नामेंटल मत्स्य पालन को बढ़ावा देना।
- 20,000 केज कल्चर को बढ़ावा देना और इसके साथ–साथ 500 पुनः प्रचालक मत्स्य पालन का भी संवर्धन करना।
- 1600 बाटम ट्रोलरों को हटाकर उनकी

जगह टूना लांग लाईनर को प्रतिस्थापित करना एवं गहरे समुद्र में मत्स्य प्रग्रहण को बढ़ावा देना। 2800 समुद्रीय केजों के प्रारंभ और अंडमान और निकोबार तथा लक्षद्वीप की द्वीप विकास योजना 44 करोड़ रु. के निवेश का कार्य करना।

- तिलेपिया केज कल्चर के द्वारा असम और नागालैंड में तिलेपियधान मत्स्य फार्मिंग को बढ़ावा देना केरल, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में धान के खेत में मत्स्य पालन को बढ़ावा देना।

5.3 छोटे पशु (बकरी, भेड़, सूअर और कुक्कुट)

- राष्ट्रीय पशुपालन मिशन (एनएलएम) के तहत 2,50,000 भेड़ों और 5 लाख बकरियों का उन्नयन करके 2 लाख किसानों के लाभान्वित करना।
- राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की तर्ज पर राष्ट्रीय पशु पालन अभिकरण (एनएलडीए) स्थापित करना।
- राष्ट्रीय पशुपालन मिशन के तहत 18,000 बैकयार्ड कुक्कुट इकाईयों को ब्रॉयलरों/लेयर फार्मों में बदलना।

6.0 कृषि विस्तार और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी:

- मोबाइल और वेब आधारित सेवाओं के जरिए मानव शक्तिड आधारित विस्तार सेवा के अभिन्न रूप में सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के साथ–साथ उसके समुचित उपयोग को संवर्धित करना।
- किसानों तक सहज पहुंच प्रदान करने के प्रयोजनार्थ किसान काल सेंटरों की सेवाओं को विस्तारित करना (2018–19)।
- कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (एटीएमए) सहित विभिन्न विस्तार सेवाओं में कंपनियों द्वारा निवेश करने संबंधी मार्ग को प्रशस्त् करने के बारे में प्रावधान करना ताकि ये कंपनियां आयकर अधिनियम (2018–19) की धारा 35 सीसीसी के तहत कर का लाभ प्राप्त कर सकें।
- कृषि और संबंधित क्षेत्रों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी से संबंधित लाभ प्राप्ति के लिए राष्ट्रीय अंतरिक्ष कृषि अनुप्रयोग कार्यक्रम को व्यापक मंच के रूप में शुरू करना।
- फसल कटाई प्रयोगों की प्रभावकारिता, गति और दक्षता में सुधार लाने के लिए अंतरिक्ष एवं सूचना प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के साथ–साथ दिशा–निर्देशों में निर्धारित समय–सीमा के अनुसार किसानों द्वारा किए गए दावों का समय पर निपटान करना। इस कार्य को 2017–18 तक निष्पादित किया जाना है।

अन्य कार्य निष्पादन

– बहुराज्य समितियों को और अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के लिए बहुराज्य ऋण सहकारी समिति अधिनियम, 2002 में आवश्यक संशोधन करना।

– 2017–18 तक 4 क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ केंद्रीय क्षेत्रीय सहकारी पंजीयक के स्वतंत्र कार्यालय की स्थापना करना। इससे प्रशासन कार्य में सुधार आने के साथ–साथ पर्यवेक्षण एवं अनुवीक्षण कार्य भी प्रभावी रूप से निपोदित होगा।

7.0 कृषि अनुसंधान कार्यः

- आईसीएआर उपज में सुधार लाने तथा फसलों पर पड़ने वाले विभिन्न दबावों में सहिष्णुता संबंधी संतुलन स्थापित करने के लिए जीनोमिक्सजीन एडिटिंग प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान कार्य करेगा।
- पोषाहारीय तत्वों से समृद्ध आहार (प्रोटीन, जिंक, विटामिन–ए) के लिए जैव सशक्तीकरण कार्य पर अनुसंधान कार्य किया जाएगा।
- जैविक खाद के लिए पशु आहार और माइक्रोबियल कंसोर्शिया आधारित परिवर्तन के लिए लीगनोसेलुलोसेस के विघटन कार्य पर ध्यान केंद्रित करके फसल अपशेष वैज्ञानिक प्रबंधन अनुसंधान के जरिए फसल अपशेषों को जलाने संबंधी समस्या का निदान करना।
- लैंगिक वीर्य उत्पादन से संबंधित देशी प्रौद्योगिकी को विकसित किए जाने के साथ–साथ पशुओं के लिए थर्मो सहिष्णु टीकों के विकास पर अनुसंधान कार्य किया जाएगा।
- लंबे रेशे वाली कपास और अधिक उत्पादन देने वाली जूट की किस्में लाई जाएंगी।
- इस विषय पर सुव्यवस्थित अनुसंधान कार्य करने के लिए आईसीएआर की 75 स्कीमों को 35 थीमेटिक क्षेत्रों में वर्गीकृत किया जाएंगा।

8.0 सुशासन कार्य तंत्र

- सुशासन के आधार के रूप में निम्नांकित को अंगीकार करनाः
  – मंत्रालय की सभी स्कीमों के लिए
  – आधार के द्वारा पहचान

    एसईसीसी/ग्राम सभा के माध्यम से पात्रता

    छोटे और सीमांत किसानों पर विशेष ध्यान

    एसएचजी, सहकारी समितियों और एफपीओ के माध्यम से एकीकृत कार्य निष्पादन

    आईटी, डीबीटी और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के माध्यम से जवाबदेही तथा जीपीएस द्वारा सामाजिक लेखा परीक्षा।

मुख्य दिवस

1.	विश्व वानिकी दिवस	21 मार्च
2.	विश्व पशु चिकित्सा दिवस	अप्रैल माह का अंतिम शनिवार
3.	विश्व दुग्ध दिवस	1 जून
4.	राष्ट्रीय मत्स्य पालक दिवस	10 जुलाई
5.	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का स्थापना दिवस	16 जुलाई
6.	विश्व शहद दिवस	20 अगस्त
7.	विश्व नारियल दिवस	2 सितम्बर
8.	विश्व अंडा दिवस	अक्टूबर माह का दूसरा शुक्रवार
9.	राष्ट्रीय महिला किसान दिवस	15 अक्टूबर
10.	विश्व खाद्य दिवस	16 अक्टूबर
11.	विश्व मात्स्यिकी दिवस	21 नवम्बर
12.	राष्ट्रीय दुग्ध दिवस	26 नवम्बर
13.	राष्ट्रीय कृषि शिक्षा दिवस	3 दिसम्बर
14.	विश्व स्वायल दिवस	5 दिसम्बर
15.	जय किसान जय विज्ञान सप्ताह	23–29 दिसम्बर

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

भारत सरकार

वेबसाइट: http://agriculture.gov.in